Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding honorarium to Anganwadi workers.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) : महोदय, आपका धन्यवाद। मैं शून्य काल के माध्यम से सदन के संज्ञान में लोक महत्व का प्रश्न उठाना चाहता हूं। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जो आंगनवाड़ी केन्द्रों में सेविकाएं और सहायिकाएं कार्यरत हैं, वे ग्रामीण क्षेत्र में छोटे बच्चों को शिक्षा देने, छोटे बच्चों को रोगों से बचाने के लिए, बच्चों को पोषण आहार संबंधी सुझाव देने, गांव की महिलाओं के बीमार होने पर उन्हें सहायता एवं ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान करती हैं। सेविका से लेकर सहायिका तक सभी दिन से लेकर रात तक, सर्दी और बरसात में भी काम करती हैं। मुझे सदन को बताते हुए खेद हो रहा है कि इन आंगनवाड़ी में कार्यरत सेविकाओं और सहायिकाओं को उनके कार्यों के अनुपात में पर्याप्त वेतन नहीं दिया जा रहा है। उनको दिया जाने वाला मानदेय आज की महंगाई के हिसाब से बहुत अपर्याप्त है। इसके लिए आंगनवाड़ी में कार्यरत सेविकाएं और सहायिकाएं आंदोलन कर रही हैं। उनकी मांगे भी जायज़ हैं। इस संबंध में कई सासंदों ने भी इस विषय को सदन में उठाया है। मेरा सदन के माध्यम से अनुरोध है कि आंगनवाड़ी में कार्यरत सेविकाओं और सहायिकाओं को बढ़ती महंगाई के कारण एवं उनके द्वारा ग्रामीण शिक्षा क्षेत्रों में दिए जा रहे सहयोग और सहायता के लिए उनका मानदेय बढ़ाया जाए एवं उन्हें सरकारी नौकरी का भी दर्जा दिया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Sharad Tripathi, Shri Nishikant Dubey, Shri Rakesh Singh, Shri Rahul Kaswan, Dr. Manoj Rajoria, Dr. Sanjay Jaiswal, Shri Bhairon Prasad Mishra, Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shrimati V. Sathyabama and Shrimati Anju Balaare permitted to associate with the issue raised by Shri Ram Tahal Chaudhary.